अर्थशास्त्र शब्द-कोष

रचयिता

आचार्य रघुवीर

एम. ए., पी. एच. डी. (लन्दन), डी. लिट. एट फिल (हॉलेण्ड)

:थापक तथा संचालक—अन्ताराष्ट्रीय भारत सरस्वती विहार, नागपुर

प्रधान संपादक—भारतीय ऑग्ल महाकोष

सदस्य—भारतीय संविधान संसद

आचार्य भगवतशरण अधोलिया

एम. ए. (वाणिज्य), एम. ए. (अर्थशास्त्र)

आचार्य—गो० से० अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर

प्रधान सम्पादक—अर्थ-संदेश

अध्यक्ष—वाणिज्य पाठ्यक्रम समिति, सागर विश्वविद्यालय

प्राध्यापक पन्नालाल बल्दुवा

एम. ए., बी. कॉम.

प्राध्यापक—गो० से० वाणिज्य महाविद्यालय, वर्धा

मंत्री—गो० से० अर्थ-साहित्य प्रकाशन मण्डल, वर्धा

सम्पादक—'अर्थ-संदेश' वर्धा

प्रकाशक

गोविन्दराम सेकसरिया अर्थ-साहित्य प्रकाशन मण्डल, वर्धा

हमारे शब्द-कोषों पर कुछ सम्मतियाँ

वाणिज्य शब्द-कोष में जिस नीति को ग्रहण किया गया है मैं उसका समर्थक हूँ। इस प्रकार के कोषों की बहुत आवश्यकता है।

श्री मैथिलीशरण गुप्त

आपके राष्ट्र-निर्माण की भावनाओं से भरे साहित्यिक प्रयत्नों के प्रति मेरे मन में आदर है। श्री माखनलाल चतुर्वेदी

हमें ऐसे शब्द-कोषों की अत्यन्त आवश्यकता है; अतः मैं इसका स्वागत करता हूँ। डॉ० धीरेन्द्र वर्मा

यह कोष हमारे स्थायी साहित्य की एक मूल्यवान निधि होगी इसमें दो मत नहीं हो सकते। पुस्तक बड़ी उपयोगी है...

लोकवाणी, जयपुर

वाणिज्य शब्द-कोष में.......Book-keeping and Accountancy विषय की उच्चतम शिक्षा के लिए लगभग सभी पारिभाषिक शब्द आ गये हैं। सम्मेलन पत्रिका, प्रयाग

....इसमें संदेह नहीं कि यह (सांख्यिकी शब्द-कोष) पुस्तक अपने ढंग की निराली है और हर प्रकार पूर्ण है। विज्ञान और भाषा दोनों की दृष्टि से यह ग्रंथ अपूर्व है, और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को नया मार्ग दिखलाने वाला है।

प्रो० धर्मवीर

विशेष कार्याधिकारी अनुवाद विभाग

युक्तप्रांतीय सचीवालय

लखनऊ

भूमिका

अर्थशास्त्र उपयोगिता की दृष्टि से एक अत्यन्त व्यापक विषय है। स्वतंत्रता के स्वर्णप्रभात में ऐसे व्यापक विषय का शब्द-कोष बहुत गम्भीर विचार और मनन का विषय है। राष्ट्र के आर्थिक, राजनैतिक एवं बौद्धिक निर्माण तथा जीवन के अनेक शब्दों को हमें इसके द्वारा प्रस्तुत करना है। इन शब्दों में वास्तविक जीवन हो, अर्थ की सच्ची जागृति हो और हो भारत की सम्पूर्ण भाषानिधि के सच्चे स्वरूप का ज्वलन्त दर्शन। तभी यह सम्भव होगा कि भारत की विविध भाषाओं के शब्द-भण्डार में एक निश्चित सम्मेल उपस्थापित हो सकेगा। फिर क्या यह सम्भव न होगा कि जिस राष्ट्रभाषा के सुन्दर स्वरूप के लिये आज भारत लालायित है, वह उसे अनायास ही मिल जायगा। पारिभाषिक क्षेत्र की पारस्परिक सम्बद्धता के आधार पर हमारी समस्त भाषाओं के भीतर ऐक्य एवं सानिध्य रूपिणी भागीरथी की वह पुण्यतम सलिल धारा सदैव के लिये बहती रहेगी जिससे हमें भारत के एकत्व तथा ऐक्यभाव का अटूट दर्शन पुनः मिल सकेगा। क्या हमें यह अभीष्ट नहीं है?

उक्त निर्णीत विचार हमारी सम्पूर्ण पारिभाषिक शब्दावलि के कार्य का मूल तत्व है। इसके व्यावहारिक दर्शन के लिये हमारे दो निश्चय थे: यथा (१) शब्दावलि के सारे क्षेत्र का आधार

भारतीय होगा, उसके निर्माण कार्य में ' संस्कृत ' हमारी कामधेनु होगी, और (२) देश की समस्त भारतीय भाषाओं की ओर इस प्रकार हमारा दृष्टिकोण होगा जिससे कि उनकी समानविधि अभिवृद्धि होगी। यद्यपि हमारे इन निश्चयों का आधार सुदृढ़ था, तथापि जब हमने अपने वाणिज्य शब्द-कोष का प्रथम प्रसून ' पुस्तपालन तथा लेखा कर्म ' अर्थात् ' बुककीपिंग और एकाउंटेन्सी ' की शब्दावलि को प्रकाशित किया तो भ्रम, भ्रान्ति, अज्ञान और स्वार्थ को लेकर उसकी कुछ आलोचनाएं हुई। इन आलोचनाओं का स्पष्ट एवं पूर्ण निराकरण हमने कई स्थलों पर यथा समय कर दिया था। फलतः कई महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से हमारे उस प्रयास को सक्रिय प्रोत्साहन मिला है। पुनः लब्ध प्रतिष्ठ अनेक विद्वानों और पत्रकारों ने भी हमारे ऐसे अनेक शब्दों को जैसे अभिकर्ता = agent, आय-व्ययक = Budget, अधिकोष = Bank, निक्षेप = deposit आदि आदि को स्पष्ट-रूप से प्रयुक्त कर हमें उपकृत किया है। पारिभाषिक क्षेत्र के हमारे दूसरे प्रसून ' सांख्यिकी शब्द-कोष ' ने यह और भी सिद्ध कर दिया है कि हमारी शब्द-निर्माण की प्रक्रिया में वह अपरिमित क्षमता है जिससे हमें यह आवश्यकता ही नहीं है कि हम विदेशी भाषाओं के शब्दों की ओर ताकें। प्रायः सारे संकेताक्षरों एवं सूत्रों का समावेश हमारे इस शब्द-कोष में कर दिया गया है। इस प्रकार आज हम बल पूर्वक यह कह सकते हैं कि वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र के संपूर्ण क्षेत्र की न केवल वर्तमान अपितु भविष्य की भी सारी शब्द-आवश्यकताओं को सुव्यवस्थित रूप से हमारी

शैली में देने की शास्त्रीय शक्ति है। जहाँ तक व्यावहारिक शिक्षण का सम्बन्ध है, हमारा यह सुस्पष्ट अनुभव है कि नागपुर एवं सागर विश्वविद्यालयों में इन शब्द-कोषों द्वारा उच्च शिक्षा देने में हमें पूर्ण सफलता मिली है।

आज हम पाठकों के समक्ष अपना अर्थशास्त्र शब्दकोष लेकर उपस्थित हो रहे हैं। हमारी शब्दकोष माला का यह तीसरा प्रसून है। हमें आशा है कि जो समादर हमारे उक्त दोनों कोषों को मिला है, वह इसे भी प्राप्त होगा। फिर भी इसे प्रस्तुत करते हुए हम एक बार पुनः कुछ विशद् निवेदन करना चाहेंगे। इसके कई कारण है :—यथा, (१) अंग्रेजी के जो शब्द इसमें आए हैं उनमें से कुछ शब्द ऐसे हैं जिन्हें आज व्यवहार में ज्यों का त्यों लाया जाता है, (२) भारत की कई भाषाओं में इस विषय के कई शब्द ऐसे हैं जिन्हें उन्होंने भिन्न भिन्न रूपों में अपने व्यवहार के लिए स्वीकार कर लिया है; इस प्रकार उनके रखने के लिए उनका आग्रह स्वाभाविक हो सकता है, और (३) अर्थ शास्त्र शब्दावली सम्बन्धी कुछ प्रयास हिन्दी में भी हुए हैं जिनसे हमारे शब्दों की श्रेणीबद्ध सार्थक भिन्नता है। ऐसी स्थिति में हमारे इस अर्थशास्त्र शब्द कोष की यथार्थ उपयोगिता को समझने में कुछ कठिनाई हो सकती है; क्योंकि जिस दृष्टिकोण को लेकर इसका निर्माण हुआ है, उसमें उक्त कारणों को मान्यता नहीं दी गई है। ऐसा क्यों हुआ है?

हम ऊपर बता चुके हैं कि स्वतंत्र भारत की बौद्धिक स्वतंत्रता एवं राजनैतिक एकात्मता के लिए यह आवश्यक है कि

हम शब्दों के निर्माण कार्य से भयभीत न हों। प्रायः संसार की प्रत्येक जीवित भाषा में, जिसका लक्ष्य सुस्पष्ट है, शब्द-निर्माण का कार्य अविराम चलता रहता है। वास्तव में जब कभी भी कोई नया विकास, अन्वेषण अथवा अनुसंधान होता है शब्द निर्माण करने ही पड़ते हैं। भाषा की अभिवृद्धि इसीमें अभिप्रेत है। भारतीय स्वतंत्रता के अभियान में क्या नव विकास सन्निहित नहीं है? क्या हमारे सम्पूर्ण जीवन में आज नव जागरण नहीं है? फिर क्यों हम नये शब्दों के निर्माण से भयभीत हों? पुनः यह कथन कि अंग्रेजी भाषा समृद्ध है क्योंकि उसमें आज अन्य भाषाओं से शब्द लिए गए हैं, हमारे लिए केवल इतना ही अर्थप्रद है कि हम सोचें कि अंग्रेजी भाषा में शब्द कहाँ से आये हैं? वे कौनसी भाषाएँ हैं जिन्होंने उसके कोष को भरा है? फिर क्या जो शब्द उसमें अन्य भाषाओं के हैं, वे अर्थपूर्ण हैं अथवा यों ही ले लिए गए हैं? एक शब्द में क्या उन शब्दों को लेने के पीछे अंग्रेजों की बुद्धि जागृत और जीवित थी? क्या उन्होंने सोचा था कि अंग्रेज बालकों के लिए उन शब्दों का क्या मूल्य और क्या भार होगा? निसन्देह इन प्रश्नों की छानबीन के बाद ही हमें ज्ञात होगा कि अंग्रेजी, टर्किश अथवा अन्य भाषाओं के इस प्रकार के उदाहरणों में कितना भ्रम है और है कितना अज्ञान। हमें मालूम है कि भाषाएं दो प्रकार की हैं—**उत्तमर्ण भाषाएं** और **अधमर्ण भाषाएं**। अर्थात् वे भाषाएं जो मूल भाषाएं हैं और जो दूसरों को शब्द देने की क्षमता रखती हैं और वे भाषाएं जो शब्द मांग लेती हैं, अर्थात्

जो शब्दों को लेकर अपना बना लेती हैं। इस प्रकार शब्द आदान-प्रदान की प्रक्रिया सभी स्वीकार करते हैं। लेकिन साथ ही यह भी स्वीकार करना चाहिए कि यह प्रक्रिया स्वाभाविक, सरल और सुलभ हो; अन्यथा अन्य भाषाओं के शब्दों का आधार भाषा विषयक परिज्ञान नहीं होगा, वह दास-वृत्ति पोषक राजनैतिक रहस्य होगा। हमें प्रथम अभीष्ट है द्वितीय नहीं। प्रायः योरोप की समस्त भाषाओं का (रूसी भाषा सहित) मूलस्रोत लेटिन अथवा ग्रीक भाषाओं से निकला है। ये ही उत्तमर्ण भाषाएं उनकी जननी हैं। तो पूछना होगा क्या लेटिन और ग्रीक सदृश हमारी भाषाओं के लिए कोई भारतीय मूलभाषा विद्यमान नहीं? उत्तर इतना स्पष्ट है कि उसमें मतभेद का प्रश्न ही नहीं है। संस्कृत न केवल हमारी जननी है अपितु महाजननी है। हम तो यहाँ तक कहेंगे कि विश्व की चार बड़ी बड़ी मूल भाषाओं में संस्कृत का स्थान लेटिन और ग्रीक से बहुत बढ़ा चढ़ा है—न केवल कालक्रम के अनुसार, बल्कि उसकी अमोघ पोषण-शक्ति के आधार पर। इस हेतु यह स्वयं-सिद्ध है कि भारतीय विश्व-विद्यालयों के उच्च शिक्षण के लिए शब्द निर्माण इसी के द्वारा होगा। हमें संतोष है कि इस निर्णय तक सभी एकस्वर हो गए हैं। नवीन शब्दों के निर्माण के लिए उन्होंने अरबी, फारसी प्रभृति अन्य मूल भाषाओं के दावों को निराधार ठहरा लिया है। पर इतना ही बस क्यों? क्या हम चाहते हैं कि हमारे विश्व-विद्यालयों के

पाठ्य ग्रन्थों में साधारण भाषा और उसके साथ व्यवहृत होनेवाले पारिभाषिक शब्दों का पूर्ण एवं यथोचित मेल न हो ? यदि नहीं, तो हमें अंट-संट तरीके से शब्दों को इधर उधर से इकट्ठा कर पारिभाषिक शब्दों का संग्रहालय उपस्थित नहीं करना चाहिए। यदि हां, तो उसका स्पष्ट अर्थ यह है कि हम विद्यार्थियों को न अर्थवान् भाषा देना चाहते हैं, और न अर्थप्रद शब्द ; केवल आवश्यकता और कौतूहलवश उनके सामने शब्दों की एक भरोंटी फेंक देना चाहते हैं। यह कौनसा हेतुक कार्य है ? क्या यह न्याय्य है ?

यहां हम यह और भी बता देना चाहेंगे कि हम जानते हैं कि मूल भाषाओं के अतिरिक्त साधारण भाषाओं में अन्य भाषाओं से भी शब्द लेने का क्रम है लेकिन यहाँ भी दृष्टि स्पष्ट होनी चाहिए। उदाहरणार्थ, योरोप में अंग्रेजी में अधिकतर शब्द फ्रेन्च के हैं। पर साथ ही वहाँ की अन्य भाषाओं, यथा जर्मन, रशियन तथा फ्रेन्च में अंग्रेजी की अपेक्षा दूसरी भाषाओं के शब्द बहुत कम संख्या में हैं। पुनः अंग्रेजों के भारत से दीर्घ सम्बन्ध के पश्चात् भी अंग्रेजी भाषा में भारतीय शब्दों की संख्या 'संक्षिप्त आक्सफोर्ड कोष' के आधार पर १५० शब्दों से अधिक नहीं है। मुसल्मानी प्रदेशों में उनकी भाषाओं में अन्य भाषाओं के पारिभाषिक शब्द घुसे हैं, पर इसका मुख्य कारण उनकी मूल भाषाओं की असमर्थता है, अन्य कोई नहीं। प्रत्यक्ष ही अरबी और फारसी में प्रत्यय बहुत थोड़े हैं और उपसर्ग तो

नहीं के बराबर हैं। अतः आज के वैज्ञानिक युग में भाषा विषयक संवर्द्धन उनके लिए कठिन है। इस प्रकार उन्होंने टर्की के साथ साथ फ्रेन्च और अंग्रेजी के शब्दों को लिया है। सोचना होगा हमारे लिए कौनसे ऐसे कारण आज उपस्थित हैं, जो हमें परमुखापेक्षी बनाए रखें। क्या वह स्वाभाविक तथा सुलभ सम्बन्ध जो अंग्रेजी और फ्रेन्च में है, हमें हिन्दी अथवा अन्य किसी भारतीय भाषा और अंग्रेजी के बीच मिलेगा? यदि नहीं, तो भारतीय भाषाओं में अंग्रेजी अथवा उसमें व्यवहृत होने वाले पारिभाषिक शब्दों का क्या प्रयोजन? होना तो यह चाहिए कि हम सदा के लिए निश्चयात्मक रूप से सोचलें कि जिस प्रकार अंग्रेजी ने फ्रेन्च से शब्द लिए हैं, हमारी हिन्दी बंगला से सम्बद्ध हो, और पुनः सारी भारतीय भाषाएं संस्कृत आधारित पारस्परिक सम्बद्धता के आधार पर सुसम्पन्न बनें। यह तो प्रत्यक्ष है कि पारिभाषिक शब्द हमें एक बहुत बड़ी संख्या में चाहिए। हिन्दी में ये बहुत थोड़े हैं, और अन्य भारतीय भाषाओं की दशा भी कुछ संतोषजनक नहीं है। अतः हमारी सारी भाषाओं का पारिभाषिक ज्ञान आज एक समान दिशा में अपेक्षित है। ऐसा करने से हमारी भाषाओं के अन्य शब्द भी स्वभावतः एक दूसरे में स्थान पाते रहेंगे। भाषा-सम्मिश्रण-परिज्ञान का यह सहज-सुलभ स्रोत बहता रहेगा। इसके द्वारा जो लाभ हमें मिलेंगे, वे संक्षेप में निम्न प्रकार होंगे:—

(अ) **राष्ट्रभाषा का प्रश्न स्वतः हल होता चला जाएगा।** विदेशी भाषा के अनेक शब्द जो **अलग अलग**

ढंग से भारतीय भाषाओं में घुस गए हैं; वे पारिभाषिक क्षेत्र में निष्प्राण हो जाएंगे। सबको समान विधि समान दर्शन प्राप्त होगा। इस प्रकार राष्ट्र भाषा के प्रश्न का आधा विवाद समाप्त हो जायगा। फिर रहेगा आधा विवाद, अर्थात् यह तर्क कि राष्ट्र भाषा जनता (masses) की होती है, वर्ग विशेष (classes) की नहीं। इस तर्क की नींव भी अज्ञान और भ्रम पर है। कारण कि पारिभाषिक शब्दों की जिस कठिनता एवं क्लिष्टता की ओर इस तर्क का निर्देश है, उसकी यथार्थता ही विद्यमान नहीं। उदाहरणार्थ, क्या जनता के लिए अंग्रेजी भाषा के शब्द सरल थे? फिर क्यों भारत के अपढ़ लोगों में भी उनमें से कुछ पहुँच गए? अतः सिद्ध हुआ कि कठिनता का सिर व्यवहार से कट जाता है। पुनः इतना ही क्यों? हमारे आज के कठिन शब्द, जिनका जनता से सम्पर्क होगा, क्या वस्तुतः कठिन हैं? उदाहरणार्थ हम पांच शब्द लेंगे:—

प्रेसीडेन्ट	—	प्रमुख
मीटिंग	—	बैठक, सभा
चेक	—	धनादेश
कंपनी	—	प्रमण्डल
फोटो	—	भाचित्र

प्रत्यक्ष है कि अंग्रेजी के उक्त पांचों शब्दों का सर्वसामान्य प्रयोग होता है। वे कठिन हैं या नहीं यह जनता ने न कभी

सोचा है, और न उसमें सोचने की शक्ति ही आज शेष है। फिर यह कहना कि वह उन्हें समझती है, केवल इतना ही ठीक है कि वह उन्हें व्यवहार मे कुछ-कुछ पहिचानती है, समझती नहीं। जहाँ तक समझने का प्रश्न है कहना न होगा कि उसकी शब्द-व्युत्पत्ति-चेतना शक्ति विदेशी शब्दों द्वारा कभी भी जागृत नहीं हो सकती, प्रत्युत वह सदा के लिए कुंठित बनी रहेगी। इसके विपरीत जो शब्द हमने दिए हैं, उनमें जनता की सार्थक समझ के लिए पूर्ण स्थान और अभ्यास है। कारण कि हमारे प्रत्येक शब्द में एक निश्चित शब्द-विषयक-बोध सन्निहित है। जैसे मुख से प्रमुख और धन से धनादेश। प्रगट है कि 'मुख' और 'धन' से उक्त दोनों शब्दों को जनता के लिए समझना कठिन नहीं है। इस प्रकार साधारण प्रयोग के अन्य शब्द भी समझे जा सकेंगे। भले ही ऐसे शब्द आज प्रचलित न हों, पर वे सरल हैं, दैनिक भाषा से वे सम्बद्ध हैं और हैं पूर्ण अर्थवान। इस प्रकार जनता न केवल उन्हें आत्मीयता के रूप में समझेगी, बल्कि उनके द्वारा शब्द प्रयोग के पहिले उसकी शब्द समझने की शक्ति सदा के लिए सुरक्षित हो जाएगी। भाषा और शब्द समझने का यह आवश्यक परिज्ञान हमने अंग्रेजी के सम्पर्क से सर्वथा खो दिया है। शब्द-व्युत्पत्ति-चेतना शक्ति जो हमारे पूर्वजों की एक महान देन थी, उसे एक अंश में विदेशी भाषा के सम्पर्क से नष्ट होना ही था। परन्तु क्या यह श्रेयस्कर हुआ? निसन्देह स्वतंत्रता

प्राप्त करने के पश्चात् जब हम अंग्रेजी के साधारण शब्दों पर भी जोर देते हैं, तो हम जनता के साथ न केवल अन्याय करते हैं बल्कि उसे धोखा भी देना चाहते हैं। भले ही आज अंग्रेजी द्वारा दीक्षित लोगों में अपने इस स्वार्थ और अज्ञान को समझने की शक्ति न हो, अथवा उसे वे समझना न चाहते हों, पर यह तो सुनिश्चित सत्य है कि अपने इन प्रलापों के द्वारा वे राष्ट्र-भाषा अर्थात् जनता की भाषा की सुदृढ़ नींव काटने का उपक्रम रचते हैं। जिस अंग्रेजी भाषा में अन्य भाषाओं के शब्द बटोरने की प्रक्रिया में स्वयं अंग्रेजों के लिए बोधक शक्ति सन्निहित नहीं, उसे हमारे ऊपर अब भी लादे रहने से क्या लाभ? हमें जान लेना चाहिए कि भाषा की समृद्धता केवल शब्द संख्या पर अवलम्बित नहीं, वह तो केवल एक भ्रामक दृष्टि ही है। कदाचित् इसीलिए जर्मन, रशियन और फ्रेन्च ने अंग्रेजी के विपरीत अन्य भाषाओं से बहुत कम शब्द लिए हैं। ऐसा करने में उन्होंने अपनी शब्द शृंखला की सार्थकता को सजीव रखा है। साहित्य और विज्ञान की दृष्टि से इन भाषाओं की महत्ता अंग्रेजी से कम नहीं, जर्मन तो कदाचित् अंग्रेजी से बढ़ी चढ़ी है। इस प्रकार निष्कर्ष स्वयं सिद्ध है कि हमारी शब्द प्रक्रिया के आधार पर ही जनता की चेतना-शक्ति प्रस्फुटित होगी और उसे बोधयुक्त अपनी राष्ट्रभाषा मिलेगी। ऐसी राष्ट्रभाषा को गढ़ने और मढ़ने की आवश्यकता नहीं। केवल अर्थवान शब्द दे देना ही पर्याप्त है, जनता उन्हें स्वयं अपनी राष्ट्रभाषा में चुन लेगी।

(२) **भाषा-विषयक अन्तर्प्रान्तीय विद्वेष की प्रखरता कम हो जायगी**—भारत की समस्त भाषाएं (तामिल सहित) संस्कृत का आदर करती हैं। अतः संस्कृत शब्दावलि को लेने में उन्हें हिचकिचाहट नहीं होना चाहिए। लेकिन इस सर्व-सम्मत तथ्य के होते हुए भी यह सत्य है कि जहां अंग्रेजों ने राजनैतिक क्षेत्र में अनेक पारस्परिक मतभेदों को पालना ठीक समझा, वहां यह भी स्वाभाविक होता गया कि हम अपनी अभिन्नता को दूर रख भिन्नता में विश्वास करने लगें। कांग्रेस भी इस दलदल से अछूती न बची। फलतः भाषावार प्रान्त रचना का आयोग (कमीशन) बैठाया गया। संतोष है कि इस आयोग ने इस प्रश्न को अभी दूर रख दिया है। इसलिए इस अवधि में हमें यह और भी सोचना है कि क्या हमारा शब्द-कोष भाषाओं की भिन्नता में एक अभिन्न नींव डाल सकेगा। हमारा विश्वास है कि यह सम्भव है, आवश्यक तो प्रत्यक्ष में है। परन्तु इसके लिए, जैसा हमने ऊपर निर्देश किया है, भिन्न-भिन्न भाषाओं में जो अशास्त्रीय और अव्यवस्थित पारिभाषिक शब्द घुसे हैं, उन्हें पारिभाषिक क्षेत्र से हटाना होगा। प्रचलन के आधार पर उन्हें पारिभाषिक क्षेत्र से परे अलग अलग भाषाओं में रखा जा सकेगा, परन्तु पारिभाषिक शब्दावलि में उनका मोह अथवा उनके लिए आग्रह युक्तिसंगत नहीं है। उदाहरणार्थ हम आगे कुछ शब्दों को केवल दो श्रेणियों में देंगे:—

१२

अंग्रेजी	मराठी	हिन्दी	हमारा शब्द
Capitalism	भांडवलशाही	पूंजीवाद	पुंजीतंत्र (a system)
Factory	गिरणी	पुतलीघर	निर्माणी
Balance	शिल्लक	बाकी, बचत	अन्तर, शेष, आधिक्य
Change	चिल्लर	खुदरा	क्षुद्ररोक
Deposit	ठेव	जमा	निक्षेप
Endorse	शेरा लगाना	बेचान करना	पृष्ठांकन

२

अंग्रेजी	गुजराती	मारवाड़ी	हमारा शब्द
Cashier	—	रोकड़िया	रौकिक
Acceptor	—	सकारू, ऊपरवाला	स्वीकर्ता
Supply	आवक	—	प्रदाय
Finance	नाणा	—	अर्थ-प्रबन्धन

यहां यह और समझना चाहिए कि भारतीय अन्य भाषाओं में भी जिनमें तामिळ सहित दक्षिण की भाषाएं सम्मिलित हैं, कुछ-न-कुछ उक्त प्रकार के शब्दों को स्थान मिल चुका है। इसलिए प्रश्न सबके लिए एक समान है, और यदि हम सबने यह समझ लिया कि अंग्रेजी के स्थान पर हमें सम्पूर्ण भारत के लिए एक शास्त्रीय पारिभाषिक कोष ले लेना है, तो अव्यवस्थित शब्दों को छोड़ने में किसी को कोई संकोच नहीं होगा। फिर जो शब्द हमने ऊपर दिए हैं उनसे प्रगट है कि ये शब्द कहीं कहीं अर्थहीन है जैसे गिरणी और पुतलीघर, कहीं कहीं वे भ्रमप्रद अर्थयुक्त हैं जैसे आवक और नाणा, और कहीं कहीं वे शुद्ध शब्दों के बिगड़े हुए रूप हैं जैसे रोकड़िया (रौकिक) खुदरा (क्षुद्र) आदि आदि। पुनः इन शब्दों में शास्त्र निर्माण करने की पूर्ण क्षमता भी नहीं है। अतः हमें आशा है कि इन शब्दों का आग्रह, आज नहीं तो कल, अवश्य छोड़ दिया जाएगा, और फिर इसमें संदेह ही क्या है कि प्रान्तीय भाषाओं का वर्तमान विद्वेष शनैः शनैः ऐक्य में परिवर्तित हो जाएगा।

(३) **भारतीय संघ के लिए संघीय विश्व-विद्यालयों की स्थापना कठिन न होगी**—भारत शासन द्वारा आज एक विश्व-विद्यालय आयोग (यूनीवर्सिटी कमीशन) का काम चल रहा है। इसकी सोलह पृष्ठीय प्रश्नावलि प्रकाशित हुई है। इन प्रश्नों के आधार पर इस आयोग के निश्चय शीघ्र प्राप्त होंगे। लेकिन यह जानना कठिन नहीं है कि उन निश्चयों मे

यदि संघीय विश्व-विद्यालय की सफल स्थापना पर यथेष्ट विचार न हुआ, तो वे मूलतः कच्चे और अधूरे होंगे। इस प्रकार हमारे सामने जो प्रश्न है वह निश्चित है। अर्थात् राष्ट्र निर्माण की व्यापक दृष्टि से हमारी शब्दावलि में ऐक्य स्थापन की प्रकृतिस्थ शक्ति और क्षमता हो। यदि ऐसा न हुआ, तो उच्च शिक्षण में राजनैतिक हिन्दुस्थानी की खिचड़ी अथवा अन्तर्राष्ट्रीय शब्दों का भ्रामक उद्घोष आज नहीं तो कल हमारे लिए एक भयंकर अभिशाप सिद्ध होगा। भाषा विषयक संस्कृति से विमुख होकर न भारतीय एकता ही दृढ़ होगी, और न संघीय विश्व-विद्यालय का संस्थापन ही। इसलिए हमें अपने विद्यार्थियों के लिए (विशेषकर आनेवाली विद्यार्थी पीढ़ियों के लिए) एक दृढ़तम मार्ग आज और अभी निश्चित करना है जिसपर चलना उनके लिए सहज, स्वाभाविक और सरल हो। और यह हो सारे भारतीय विद्यार्थियों के लिए। हमारे संस्कृत आधारित शब्दकोष में इसका सम्यक ध्यान है। जो लोग उत्तर और दक्षिण की भाषाओं में संस्कृत के समान शब्दों द्वारा ऐसे ऐक्य के सुन्दर भावी स्वरूप को नहीं पहिचानते, उनके लिए यहां निम्न तालिका दे देना ठीक होगा :—

नाम भाषा	संस्कृत के शब्दों का प्रचलन
(१) तामिल	Vishyangal = विषयों (gal के द्वारा तामिल में बहुवचन सिद्ध होता है) कार्यम = कार्य अधिकम = अधिक यंत्रम = यंत्र थीवरम् = तीव्र आदि आदि;
(२) तेलगू	अगनी = अग्नि, अंगुस्था, अद्वैत अतयन्त = अत्यन्त अकसमात = अकस्मात, वाणी, कला, पत्रिका (जैसे आंध्र पत्रिका) प्रभा, आदि आदि;
(३) मलयालिम	भवानी, माता, बन्धीका (बन्धन), दासी कारुन्यारांसे, आदि आदि;
(४) कन्नड	प्रायः तीन चौथाई शब्द संस्कृत के ही मिलते हैं।

उक्त तालिका के सैद्धान्तिक निष्कर्ष प्रत्यक्ष हैं : यथा (१) तपस्विनी हिन्दी को यदि राष्ट्रभाषा बनाना है, और यदि उस पर संघीय विश्वविद्यालय की नींव डालनी है, तो पारिभाषिक क्षेत्र का उसका आधार एकमात्र संस्कृत होना चाहिए, और (२) उसे अपने संकुचित क्षेत्र से उपर उठकर तुरन्त यह पहिचानना चाहिए कि उसकी शैली विरुद्ध कई एक प्रचलित शब्दों और अन्तर्राष्ट्रीय शब्दों की व्याख्या भ्रमप्रद तो है ही, कल्याणप्रद तो कदापि नहीं है। इस प्रकार का ज्ञान जो हमारे शब्दकोष में पूर्णत: सन्निहित है, यदि लक्षित हो गया, तो संघीय विश्व-विद्यालय की दृढ़तम नींव सुनिश्चित है।

उपर्युक्त निश्चयात्मक विवेचन हमारे शब्द-कोष को समझने के लिए आवश्यक है। इस प्रकार प्रगट होगा कि हमारा शब्द-निर्माण का कार्य राष्ट्रनिर्माण का एक व्यापक अंग है। इसमें प्रचलित शब्दों को भी, यदि वे शास्त्रीय शैली में बैठ नहीं सकते हैं, कोई स्थान नहीं है। यथा मांग, बीमा, ठेका, बेचान शिल्लक के स्थान पर हमने क्रमश: अभियाचन, आगोप, प्रसंविदा पृष्ठांकना और आधिक्य दिए हैं। हमारा यह कार्य न केवल उक्त सैद्धान्तिक निष्कर्षों के अनुकूल है, वरन् शैक्षणिक दृष्टि से भी पूर्णत: शास्त्रीय है। उदाहरणार्थ तीन शब्द ले लें—**आगोप, प्रसंविदा** और **पृष्ठांकना**। इनके लिए यदि हम बीमा, ठेका और बेचान रखें, तो तुलनात्मक दर्शन निम्न प्रकार होगा :—

अंग्रेजी की संख्या बद्ध शब्द शृंखला	आधार शब्द (बीमा, ठेका और बेचान)	आधार शब्द (आगोप, प्रसंविदा और पृष्ठांकन)
A.		
Insurance (1)	बीमा (१)	आगोप (१)
Insure (2)	बीमा कराना (२)	आगोपन (१)
Insured (3)	जो बीमा करावे (३)	आगोपित (१)
Insurer (4)	बीमा करने वाला (३)	आगोपक (१)
Insurable interest (5)	बीमा योग्य हित (३)	आगोप्यहित (२)
Insurance Policy etc. etc. (6)	(अ) बीमा पालिसी (ब) बीमापत्र (दुबे और केलाजी) (स) बीमापत्र बीमा योजना बीमा तहरीर (भंडारीजी)	आगोप-लेख (२)

B.		
Contract (1)	ठेका (१)	प्रसंविदा (१)
Contractor (1)	ठेकेदार (१)	प्रसंवेदक (१)
Contractee (1)	ठेका देने वाला (३)	प्रसंवादी (-इन्)-(१)
Contract Act (2)	ठेका कानून, ठेका एक्ट (२)	प्रसंविदा अधिनियम(२)
Contract Account etc. etc. (2)	ठेका हिसाब, ठेका खाता	प्रसंविदा लेखा (२)
C.		
Endorse (1)	(हुंडी आदि का) बेचान (१) करना (२)	पृष्ठांकन (१)
Endorsement(1)	बेचान (१)	पृष्ठांकना (१)
Endorsee (1)	जिसके नाम बेचान किया जाय (५)	पृष्ठांकिती (१)
Endorser (1)	बेचान करने वाला (३) (हुंडी का)	पृष्ठांकक (१)
Endorsing a bill (3)	हुंडी का बेचान करना (४)	विपत्र पृष्ठांकन (२)
Endorsing a cheque (3)	चेक का बेचान करना (४)	धनादेश-पृष्ठांकन (२)

प्रगट है कि प्रचलित शब्दों की उक्त शब्द-श्रृंखला में पारिभाषिक शब्द बनने की क्षमता नहीं है। वे आज हमारे बीच में हैं, लेकिन उनके पीछे कोई वैज्ञानिक अथवा शास्त्रीय प्रज्ञा नहीं रही है। कदाचित यही कारण है कि Insurance Policy के लिए 'बीमापत्र' और 'बीमा योजना' तथा Contract Act के लिये 'ठेका कानून' ऐसे सर्वथा अशुद्ध, अनुपयुक्त और तथ्यहीन शब्द दिए गए हैं। पुनः Endorsement से सम्बन्धित शब्दों में न उचित अर्थ है और न भाव ही, पारिभाषिक शब्द बनने की उनकी अनुपयोगिता स्वयं प्रगट है। इसके विपरीत हमारे शब्दों की सुव्यवस्थित श्रृंखला का सार-गर्भित अर्थ स्वयं लक्षित है। पुनः उनकी शैली निश्चित है, और वह है प्राचीन शब्द-बोधक हमारी परम्परा से पूर्णतः अनुबद्ध। इसलिए हमारी शिक्षा और शिक्षा-ग्रन्थों के लिए इन शब्दों का मूल्य आज नवीन किन्तु स्वाभाविक है। इसी प्रकार अंग्रेजी के प्रचलित शब्दों की निस्सारता भी प्रगट है। उदाहरण स्वरूप हम केवल Bank शब्द को ही देंगे। इस शब्द के साथ Banking और Banker ऐसे सम्बन्धित शब्दों के लिए हमारी भाषा में क्या उत्तर है? यही न, कि इन्हें भी ले लें। तब तो ऐसा सोचना चाहिए कि हम अपनी भाषा को निष्प्रयोजन ही व्यर्थ के शब्दों से लादते रहें। हम पूछना चाहते हैं कि इस प्रकार के व्यवहार में कौनसा लाभ और कौनसा प्रयोजन सिद्ध होगा? क्या विदेशी भाषा के एक प्रचलित शब्द को (**सो भी केवल पारिभाषिक क्षेत्र से**) हटाने की अपेक्षा उससे **पारि-**

भाषिक क्षेत्र से) सम्बन्धित अनेकों शब्दों को प्रचलित बनाने में बुद्धिमत्ता होगी ? फिर क्या यह आवश्यक है ? क्या हमारी भाषा में ऐसे शब्द जैसे अधिकोष, आधिकौषिक और अधिकोषण देने की क्षमता नहीं ? क्या भारतीय लोगों के लिए हमारे ये शब्द अधिक अर्थप्रद नहीं ? फिर क्यों हम विदेशी शब्दों की ऐसी दूषित प्रक्रिया के पीछे दौड़ें, जिसके द्वारा हमारी भाषा के लिये विदेशी शब्दों की क्रमबद्ध बाढ़ को रोकना न संभव होगा और न युक्तिपूर्ण। उदाहरणार्थ यदि हम शब्द 'Thermometer' को लेते हैं तो उसके कुल, यथा Thermal, Thermantidote, Thermic, Thermionic, Thermodynamics आदि आदि को किस युक्ति से रोकना ठीक होगा ? इस प्रकार निष्कर्ष स्पष्ट है कि हम अपना और अपने विद्यार्थियों का मानसिक शोषण करते चले जावें, और यह सब हो क्योंकि स्वार्थ और अज्ञान से प्रेरित अंग्रेजी शिक्षा से दीक्षित लोग आज अपनी संकुचित और लघुदृष्टि को छोड़ना नहीं चाहते। निसन्देह पारिभाषिक क्षेत्र में हमारी भावी पीढ़ियों के प्रति इस प्रकार का विश्वासघात हमें सहन नहीं है। कारण कि पारिभाषिक शब्दावलि ही भाषा का प्राण है। अतः उसका हमारी भाषा से एक निश्चित आधार के साथ सम्बद्ध होना आवश्यक है। इसीसे भारतीय विद्यार्थियों की कठिनता सदा के लिए दूर होगी। इसीसे हम आलस्य और निष्क्रियता को छोड़ अपने शिक्षकों में सफल क्रान्ति को जन्म दे सकेंगे। हमें यह जान लेना चाहिए कि बहुरंगी तथा बहिर्मुखी शब्दावलि आज की पीढ़ी के लिए

भले ही सरल हो, अथवा सरलता से वह उसे प्राप्त भी हो सके, परन्तु ऐसा करना समस्त भारतीय भाषाओं के प्रति अन्याय होगा, उन्हें व्यर्थ एवं अर्थहीन शब्दों से ऐसा पाट दिया जाएगा कि वे कभी भी अपने विद्यार्थियों को शास्त्रीय ढंग से शिक्षण देने में समर्थ न बन सकेंगी।

एक और भ्रामक विचार हमारे बीच उपस्थित है। यह है तथाकथित अन्ताराष्ट्रीय शब्दावलि का तर्क। जहाँ तक विदेशों से व्यापार व्यवहार का सम्बन्ध है हमारे लिए अंग्रेजी तथा उसमें व्यवहृत होने वाले पारिभाषिक शब्दों को सीखना और सिखाना युक्तियुक्त है, परन्तु देश के भीतर अन्तर्प्रान्तीय व्यवहार के लिए उनको लेने में न कोई तर्क है और न बुद्धि ही। विशेष स्पष्टीकरण के लिए यहाँ स्थान नहीं है। इसलिए केवल निम्न तालिका द्वारा हम यह बताना चाहेंगे कि 'अन्ताराष्ट्रीय शब्दावलि' की संज्ञा ही भ्रममूलक है :—

अंग्रेजी और जर्मन शब्दों की भिन्नता

अंग्रेजी	जर्मन
1. Money	Geld
2. Commodity	Sach
3. Token Money	Scheidemiinze
4. Fiat Money	Zeichengeld
5. Internal Value	Binnenwert
6. External Value	Aussenwert
7. Fiduciary Loan	Ungedeckte Anleihe

इस प्रकार स्पष्ट ही प्रत्येक प्रगतिशील देश का पारिभाषिक कोष भिन्न-भिन्न है। यह न केवल व्यापार-क्षेत्र में है, बल्कि विज्ञान तथा शासन क्षेत्रों में भी। ऐसी स्थिति में हमारे शब्द-कोष में अंग्रेजी के शब्दों को रखने का कौनसा कारण शेष है ? फिर क्यों हम इस व्यर्थ के तर्क की ओर झुकें ?

हमारे अर्थशास्त्र शब्द-कोष को समझने के लिए हमारा उक्त निष्कर्षात्मक स्पष्टीकरण पर्याप्त है। लेकिन हिन्दी में जो दो अन्य प्रयास इस क्षेत्र में हुए हैं, उनकी ओर पाठकों का ध्यान आकृष्ट कर देना यहाँ ठीक होगा। पहिला प्रयास है श्री दुबेजी तथा श्री केलाजी का और दूसरा है श्री सुखसम्पतरायजी भंडारी का। इन सज्जनों द्वारा हिन्दी की सेवा हुई है, यह हमारा निश्चित मत है। जहाँ तक शब्द-चयन का प्रश्न है, हमने भी इनसे कुछ सहायता ली है। इस प्रकार उनका अपना-अपना स्थान है। एतदर्थ हम उनके आभारी हैं। लेकिन हमारा दृष्टिकोण तथा हमारा शब्द निर्माण का कार्य उनसे सर्वथा भिन्न है। फिर भी तुलनात्मक दृष्टि से उनकी आलोचना करना हमें अभीष्ट नहीं, और न हमारे लिए यह आज आवश्यक ही है। इसलिए हम केवल तीन तालिकाएँ देकर ही इस भूमिका को समाप्त करेंगे :—

१

मुद्रा और चलार्थ सम्बन्धी शब्द

(Money and Currency)

	अंग्रेजी के शब्द	हमारे शब्द	दुबेजी तथा केलाजी के शब्द	भंडारीजी के शब्द
1	Inflation	स्फीति *	प्रसार, बहुत अधिक वृद्धि	प्रसार (एक लम्बी व्याख्या सहित)
	Deflation	अपस्फीति	करेन्सी की अत्याधिक कमी	मुद्रा संकुचन (,,)
	Reflation	संस्फीति	×	×
2	Inflationist	स्फीतिवादी	×	×
	Deflationist	अपस्फीतिवादी	×	×
	Reflationist	संस्फीतिवादी	×	×
3	Inflationary	स्फीतिकारी	×	×
	Deflationary	अपस्फीतिकारी	×	×
	Reflationary	संस्फीतिकारी	×	×

Inflation of Currency & Expansion of Currency	चलार्थ-स्फीति और चलार्थ-प्रसार	करेंसी का प्रसार और करेंसी का प्रसार	करेंसी प्रसार और करेंसी का प्रसार, विस्तार, फैलाव
तथा			
Deflation of Currency & Contraction of Currency	चलार्थ-अपस्फीति और चलार्थ-संकुचन	करेंसी की अत्याधिक कमी और करेंसी की घटी	मुद्रा संकुचन और मुद्रा घटी

* 'स्फीतिकरण' प्राचीन शब्द है।

२
कुछ अर्थ-शास्त्रीय प्रयोग

1. Quid pro quo Quid pro quo theory of taxation.	तत् प्रति तत् कर का तत्प्रतितत् सिद्धान्त	अदला बदला, आपसी रियायत ×	पारस्परिक रियायत ×
2. Mint Par of Exchange.	टंकशाला विनिमय समार्घ	विनिमय की टकसाली दर	पारिभाषिक लम्बी व्याख्या दी है।
3. Most favoured nation's clause	परमानुगृहीत राष्ट्रधारा	नितान्त अनुकूल व्यापारिक धारा	नितान्त अनुकूल व्यापारिक धारा (व्याख्या सहित)
4. Law of Diminishing Returns	आह्रासी प्रत्याय नियम	क्रमागत ह्रास नियम	क्रमागत ह्रास नियम
5. Law of Diminishing utility.	आह्रासी उपयोगिता नियम	क्रमागत उपयोगिता ह्रास नियम	ह्रासोन्मुख उपयोगिता का नियम

३

अर्थ शास्त्र के कुछेक सूक्ष्म भेदोत्पन्न शब्द

1. Exchequer Bill & **Treasury Bills**	राज्यकोष विपत्र और कोषागार विपत्र	सरकारी खजाने की हुंडी और सरकारी हुंडी	ट्रेजरी बिल और सरकारी हुंडी
2. Par & Parity	सम, समता और समहिता	×	सममूल्य और समता
3. **Devaluation** undervaluation & Depreciation.	अवार्हण अधोर्हण और अवमूल्यन व अवक्षयण	मुद्रा का मूल्य निर्धारण मूल्य ह्रास	× × अपकर्ष, घिसावट

4.	Wealth Assets & Property	धन परिसम्पत्ति (आदेय) सम्पत्ति	सम्पति, धन, अर्थ, दौलत मालमिल्कियत, मालमत्ता पूँजी ? जायदाद, सम्पत्ति	सम्पत्ति, धन, अर्थ जायदाद, माल, सम्पत्ति
5.	Reserve & Fund	संचिति और प्रणीवि	सुरक्षितधन, बचत कोष (फंड)	सुरक्षित धन, बचत फंड, कोष
6.	Indent & Order	व्यादेश और आदेश	माल भेजने की आज्ञा या फरमायश आर्डर (आदेश)	माल का आर्डर (व्याख्या सहित)
7.	Fiscal & Financial	राजकोषीय तथा वैत्तिक (आर्थिक)	आर्थिक आर्थिक द्रव्यसम्बन्धी, राजस्व सम्बन्धी	कोष सम्बन्धी, नाणा सम्बन्धी, राजस्व सम्बन्धी

उक्त तालिका में दिए हुए शब्द अपना स्वयं स्पष्ट दर्शन देने में समर्थ हैं। हमें आशा है कि उन्हें देखने से हमारे विद्वान तथा विज्ञ पाठक हमसे पूर्णतः सहमत होंगे कि हमने एक शास्त्रीय, व्यवस्थित और शैलीबद्ध शब्द-कोष को देने का प्रयत्न किया है। दूसरे प्रयासों में यह दृष्टिकोण नहीं है। अतः शास्त्र सम्पादन की उनमें पूर्ण सामर्थ्य नहीं, यह हमारी विनम्र धारणा है। पुनः अर्थ-छाया, अर्थ-विभेद तथा अर्थ-विकासन का भी उनमें यथोचित ध्यान नहीं रखा गया है। कहीं कहीं तो पारिभाषिक शब्द न देकर केवल लम्बी व्याख्याओं से ही काम निकाला गया है। हमारे इन निष्कर्षों की सत्यता उन शब्दों से प्रत्यक्ष लक्षित होगी जिन्हें हमने तालिकाओं में बड़े अक्षरों में लिखा है। फिर भी हम यह कदापि न कहेंगे कि हमारे सारे शब्द ही सर्वथा ठीक हैं। इसका निर्णय पाठक स्वयं करेंगे। वस्तुतः यह उन्हीं का अधिकार है। यह भूमिका हमारे दृष्टिकोण का केवल स्पष्टीकरण मात्र है।

अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय,
जबलपुर
महाशिवरात्रि, सं० २००५

भगवतशरण अधोलिया

A

above par	अधिमूल्य पर
abrasion (of coin)	घर्षण (टंक का)
absolute economics	निरपेक्ष अर्थशास्त्र
absolute value	निरपेक्ष अर्हा
absorption	संविलयन
abstinence	परिवर्जन
a. of interest	वृद्धि-परिवर्जन
abstract	अमूर्त
a. economics	अमूर्त अर्थशास्त्र
a. method	अमूर्त रीति
abundance	प्रचुरता
accept a bill	विपत्र-स्वीकरण
acceptance	स्वीकृति
a. for honour	आदरार्थ स्वीकृति
conditional a.	सप्रतिबन्ध स्वीकृति
international a. corporation	अन्ताराष्ट्रीय स्वीकृति-निगम
qualified a.	विशेषित स्वीकृति
acceptances	स्वीकृतियाँ (स्वीकृत विपत्र)
accepting house	स्वीकारी गृह
accepting institution	स्वीकारी संस्था
acceptor	स्वीकर्ता

accidental profit	आकस्मिक लाभ
accomodation bill	अनुग्रह विपत्र
account	लेखा
a. book	लेखा-पुस्त
current a.	चल लेखा
dead a.	मृत लेखा
joint a.	संयुक्त लेखा
accountant	लेखापाल, आंकिक
a. general	महांकिक,अक्षपटलिक(प्राचीन शब्द)
superintendent of a.	लेखाधीक्षक
accumulation	संचयन
act	अधिनियम
consolidated a.	संघनित अधिनियम
contract a.	प्रसंविदा-अधिनियम
factory a.	निर्माणी-अधिनियम
land alienation a.	भूमि-अन्यक्रामण-अधिनियम
active demand	द्रुत अभियाचन
active partner	सक्रिय भागी
activity	कर्मण्यता
economic a.	आर्थिक कर्मण्यता
actual price	वास्तविक मूल्य

actuarial science	जीवनांकिकी
actuary	जीवनांकिक
adequacy	पर्याप्तता
ad infinitum	यावदनन्ति
ad valorum duty= ad valorum tax	यथामूल्य-कर, अर्हा-कर
advance	अग्रिम
clean a.	सामान्य अग्रिम
adventure	उपक्रम
joint a.	संयुक्त उपक्रम
adviser	उपदेष्टा
financial a.	आर्थिक उपदेष्टा
affair	कार्य
financial a.	आर्थिक कार्य
agency	अभिकर्तृत्व
agent	अभिकर्ता
a. of production= factors of production	उत्पाद-कारक, उत्पादन के कारक
commission a.	वर्तन-अभिकर्ता
consular a.	वाणिज्यदूताभिकर्ता
agio	व्यन्तर [विनिमय + अन्तर (in exchange); विशेष + अन्तर (in securities)]

agrarian	क्षेत्रिक
agreement	संविदा
a. deed	संविदा-लेख
agricultural	कृषि–
a. bank	कृषि-अधिकोष
a. stage	कृषि-अवस्था
agriculture	कृषि
extensive a.	विस्तीर्ण कृषि
intensive a.	गहन कृषि
agriculturist	कृषक
A. Loans Act	कृषक-उद्धार-अधिनियम
allocation	विभाजन
allonge	अनुपर्णी (an attached slip)
allotment	आवंटन
a. of land	भूमि-आवंटन
allowance	अधिदेय, मोक
family a.	परिवार-अधिदेय
alloy	मिश्रधातु, कुप्य (base metal)
alternative	वैकल्पिक
a. demand	वैकल्पिक अभियाचन
a. standard	वैकल्पिक प्रमाप
a. want	वैकल्पिक अभीच्छा
altruism	परार्थ

amortisation fund	•शोधन-प्रणीवि
analytical economics	वैश्लेषिक अर्थशास्त्र
anarchism	अराजकतावाद
anarchist	अराजकतावादी
anarchy	अराजकता
annuity	वार्षिकी, वार्षिक-वृत्ति
consolidated a.	संघनित वार्षिकी
contingent a.	संभाव्य वार्षिकी
deferred a.	आस्थगित वार्षिकी
terminable a.	सावधि वार्षिकी
apex	शीर्ष
applicability	प्रयोजनीयता
application	प्रयोग, व्यवहार
applied economics	व्यावहारिक अर्थशास्त्र
apportioned tax	अभिभाजित कर
appreciation	अधिमूल्यन
a. of currency	चलार्थ-अधिमूल्यन
arable land	कृष्य भूमि, हल्य भूमि
arbitrage or arbitrage dealings = arbitrage operations	अन्तर-पणन ("trading in differences")
circuitous a.	चक्रीय अन्तरपणन

compound a.	अनेक अन्तरपणन
direct a.	ऋजु अन्तरपणन
indirect a.	अनृजु अन्तरपणन
simple a.	एकान्तरपणन
arbitrate	मध्यस्थ-निर्णयन
arbitration	मध्यस्थ-निर्णय
a. board	मध्यस्थ-गण
arbitrator	मध्यस्थ
arbitratorship	मध्यस्थता
private a.	वैयक्तिक मध्यस्थता
area	क्षेत्र
industrial a.	औद्योगिक क्षेत्र
arithmetical progression	समान्तर श्रेढी
arrears	अवशिष्ट
articles of association	पार्षद्-अन्तर्नियम
articles of comforts	सुख-वस्तुएँ
articles of luxury	विलास-वस्तुएँ
articles of merchandise	वाणिज्य-वस्तुएँ
artificial	कृत्रिम
a. coin	कृत्रिम टंक
a. manure	कृत्रिम खाद
artisan	शिल्पी, शिल्पकार
artist	कलाकार, कलाविद्

artistic skill	कला-कौशल
art	कला
arts and sciences	कला और विज्ञान
assessment	अभिनिर्धारण, कर-निर्धारण
assessor	अभिनिर्धारक, कर-निर्धारक
assets	परिसम्पत्, आदेय
fixed a.	स्थायी परिसम्पत्
floating a.	अस्थायी परिसम्पत्, चल परिसम्पत्
frozen a.	जडीकृत परिसम्पत्
property and a.	सम्पत्ति तथा आदेय
assign, assignment	अभिहस्तांकन
association	पार्षद्
articles of a.	पार्षद्-अन्तर्नियम
bank a.	अधिकोष-पार्षद्
trading a.	व्यापार-पार्षद्, पणन-पार्षद्
assumption	कल्पना
assurance	प्रगोप
authorised capital	प्राधिकृत पुंजी
at discount	अवमूल्य पर
at par	सममूल्य पर
at premium	अधिमूल्य पर
auction	क्रोशविक्रय

audit	अंकेक्षा, अंकेक्षण
auditor	अंकेक्षक
auxiliary	सहाय
a. capital	सहाय पुंजी
average	माध्य
arithmetic a.	समान्तर माध्य
a. price	माध्य मूल्य
a. product	माध्य उत्पाद

B

bad	निकृष्ट
b. coin	निकृष्ट टंक
b. debt	निकृष्ट ऋण
b. money	निकृष्ट मुद्रा
balance	अन्तर, शेष, आधिक्य
b. of indebtedness	ऋणाधिक्य
b. of payment	शोधनाधिक्य
b. of trade	व्यापाराधिक्य
cash b.	हस्तस्थ रोक, रोकाधिक्य
credit b.	समाकलनाधिक्य
debit b.	विकलनाधिक्य
favourable b. of trade	अनुकूल व्यापाराधिक्य
marginal b.	सीमान्त अन्तर

normal b. — प्रसामान्य अन्तर

unfavourable trade b. — प्रतिकूल व्यापाराधिक्य

balancing — संतुलन

balance sheet — स्थिति-विवरण

bank — अधिकोष

b. association — अधिकोष-पार्षद्

b. credit — अधिकोष-उद्धार, अधिकोष-प्रत्यय

b. crisis — अधिकोष-संकट

b. discount — अधिकोष-अपहार

b. draft — अधिकोष-विकर्ष

b. note — अधिकोष-अर्थपत्र

b. of issue — अर्थपत्राधिकोष

b. rate — अधिकोषार्घ

b. rent — अधिकोष-भाटक

b. return — अधिकोष-वृत्त

b. statement — अधिकोष-विवरण

central b. — केन्द्रीय अधिकोष

commercial b. — वाणिज्य-अधिकोष

co-operative b. — सहकारी अधिकोष

exchange b. — विनिमय-अधिकोष

export b. — निष्क्राम्य-अधिकोष

import b. — प्रवेश्य-अधिकोष

indigenous b. — स्वदेशीय अधिकोष

industrial b.	औद्योगिक अधिकोष
investment b.	विनियोग-अधिकोष
joint stock b.	संयुक्त-स्कंध-अधिकोष
land mortgage b.	भू-प्राधि-अधिकोष
presidency b.	महाप्रान्तीय अधिकोष
private b.	वैयक्तिक अधिकोष
savings b.	संचय-अधिकोष
state b.	राज्य-अधिकोष
banker	आधिकौषिक
collective b.	संग्राही आधिकौषिक
indigenous b.	स्वदेशीय आधिकौषिक
paying b.	शोधन-आधिकौषिक
banking	अधिकोषण
b. operation	अधिकोषण-कर्म
free b.	अबाध अधिकोषण
bankrupt	नष्टनिधि
discharged b.	उन्मुक्त नष्टनिधि
bankruptcy	नष्टनिधित्व
bargain	विपणन, विपण्य
time b.	काल विपण्य
bargaining power	विपणन शक्ति
collective b.	समूही विपणन
barren land	अनुर्वरा भूमि

barter	वस्तु-विनिमय
base coin	नीच टंक
beat	मूल्यपाती (H. मन्दीवाला)
bearish tendency	मूल्यपात-प्रवृत्ति
bearer	वाहक
b. bond	वाहक बंध
b. cheque	वाहक धनादेश
below par	अवमूल्य पर
beneficial tax	उपकारी कर
bill	विपत्र
accomodation b.	अनुग्रह-विपत्र
bank b.	अधिकोष-विपत्र
b. broker	विपत्र-वणिक्
b. eligible	ग्राह्य विपत्र (ग्राह्य for विधि-ग्राह्य)
b. of exchange	विनिमय पत्र
b. of lading	वहन-पत्र
b. payable	देय विपत्र
b. receivable	प्राप्य विपत्र
clean b.	सामान्य विपत्र
clear a b.	विपत्र-शोधन
council b.	परिषद्-विपत्र
deficiency b.	न्यूनतापूरक विपत्र
demand b.	अभियाचन-विपत्र

discharged b.	उन्मुक्त विपत्र
documentary b.	प्रलेखीय विपत्र
domiciled b.	शोधन-स्थानी विपत्र
duplicate b.	विपत्र-प्रतिलिपि
exchequer b.	राज्यकोष-विपत्र
fictitious b.	अवास्तविक विपत्र
finance b.	१. अर्थ-विपत्र (as in foreign exchanges) २. अर्थ-विधेयक (as in assembly for taxes)
foreign b.	वैदेशिक विपत्र
gilt-edged b.	परम विपत्र
indemnity b.	क्षतिपूर विपत्र
long b.	दीर्घकाल विपत्र
lost b.	लुप्त धनादेश
renunciatian of a b.	विपत्र-स्वत्वत्याग
reverse council b.	प्रतिपरिषद् विपत्र
short b.	अल्पकाल विपत्र
sight b.	दर्शने विपत्र
trade b.	व्यापार विपत्र
treasury b.	राजकोष-विपत्र (here वि is विशेष)

bimetallic — द्विधात्वीय

bimetallism — द्विधातुता

international b. — अन्ताराष्ट्रीय द्विधातुता

birth control — संतति-निग्रह

birth rate — जन्मार्घ

blank credit — निरंक प्रत्यय

blank endorsement = general endorsement — सामान्य पृष्ठांकना

blank form — निरंक प्रपत्र

blockade — समवरोध

economic b. — आर्थिक समवरोध

blue books — नील पुस्त

board — गण, समिति

arbitration b. — मध्यस्थ गण

b. of directors — संचालक-गण, संचालक-समिति

b. of revenue — आगम-समिति

local b. — स्थानीय-समिति

reconciliation b. — संराधन-समिति

boggy land — कच्छ भूमि (H. दलदल भूमि)

bonafide — सुभावना

bond — बंध

bearer b. — वाहक बंध

currency b. — चलार्थ-बंध

debenture b. — ऋणपत्र-बंध

deferred b.	आस्थगित बंध
exchequer b.	राज्यकोष-बंध
gold b.	स्वर्ण बंध
indemnity b.	क्षतिपूर बंध
passive b.	वृद्धिहीन बंध
personal b.	वैयक्तिक बंध
preferential b.	पूर्वाधिकार बंध
registered b.	पंजीयित बंध
bonus	अधिलाभांश
book	पुस्त
day b.	दैनिक पुस्त
invoice b.	बीजक-पुस्त
boom	अभिवृद्धि (H. धूम)
borrow	उद्धार-ग्रहण
borrowed money	उद्धार-राशि
borrowing power	उद्धार-शक्ति
bounty	(premium to exporters for encouraging industry) निष्काम्य-प्रव्याजि (cf. French prime d'exportation; Germ. Ausfuhr praemie)
boycott	बहिष्कार
economic b.	आर्थिक बहिष्कार

brassage=mintage	टंकन-प्रभार (cf. seigniorage or seigneurage टंकन-प्रलाभ; प्रलाभ=प्रभार+लाभ)
breed	अभिजात
cross b.	संकरज
farm b.	प्रक्षेत्र-अभिजात
brisk]	त्वरित
b. trade	त्वरित व्यापार
broker	वणिक्, मध्यग
bill b.	विपत्र-वणिक्
exchange b.	विनिमय-मध्यग
insurance b.	आगोप-मध्यग
budget	आयव्ययक
b. estimates	आयव्ययक-आगणन
family b	परिवार-आयव्ययक
revised b.	पुनरीक्षित आयव्ययक
supplementary b.	अनुपूरक आयव्ययक
bull	मूल्यारोपी
bullish tendency	मूल्यारोपी प्रवृत्ति
bullion	कलधौत
b. market	कलधौत-विपणि
gold b. standard	स्वर्णपिण्ड प्रमाप
bureau	कार्यालय, विभाग

b. of economics	अर्थशास्त्र-विभाग
employment b.	सेवायोजनालय
information b.	सूचनालय
labour b.	श्रमालय
publicity b.	प्रकाशना-विभाग
bushel	शूर्प
business	व्यापार
b. activity	व्यापार-कर्मण्यता
b. crisis	व्यापार-संकट
b. cycles	व्यापार-चक्र
b. economics	व्यापारिक अर्थशास्त्र
b. optimism	व्यापार-आशावत्त्व
b. organisation	व्यापार-संघटन (H. संगठन)
b. pessimism	व्यापार-निराशावत्व
dull b.	मंद व्यापार
extensive b.	विस्तृत व्यापार
busy season	व्यापृत काल
buyer	क्रेता
buying and selling	क्रय-विक्रय
by-law	उपनियम
by-product	उपोत्पाद

C

call money	याचना-राशि
canal	कुल्या
perennial c.	सांवत्सर कुल्या
cancellation	विलोपन
canon	(established rule) प्रनियम
canons of certainity	निश्चितता-प्रनियम
c. of convenience	सुविधा-प्रनियम
c. of economy	मितव्ययिता-प्रनियम
c. of elasticity	प्रत्यास्थता-प्रनियम
c. of equality	समता-प्रनियम
c. of productivity	उत्पदिता-प्रनियम
c. of taxation	कर-प्रनियम
capital	पुंजी
authorised c.	प्राधिकृत पुंजी
auxiliary c.	सहाय पुंजी
blocked c.	समवरुद्ध पुंजी
circulating c.	परिचल पुंजी
consumption c.	उपभोग-पुंजी
c. levy	पुंजी-कर
c. market	पुंजी-विपणि
c. value	पुंजी-अर्हा

deterioration of c.	पुंजी-अवनति
fixed c.	स्थिर पुंजी
flight of c.	पुंजी-पलायन
floating c.	चल-पुंजी
glut of c.	पुंजी-अतिप्रदाय
indigenous c.	स्वदेशीय पुंजी
instrumental c.	विलेखीय पुंजी
invested c.	विनियोजित पुंजी
issued c.	निर्गमित पुंजी
joint c.	संयुक्त पुंजी
natural c.	प्राकृतिक पुंजी
nominal c	अभिहित पुंजी
paid up c.	परिदत्त पुंजी
primary c.	प्रधान पुंजी
registered c.	पंजीयित पुंजी
remunerative c.	परितोषद पुंजी
secondary c.	गौण पुंजी
special c.	विशेषित पुंजी
subscribed c.	प्रार्थित पुंजी
sunk c.	निमग्न पुंजी
trade c.	व्यापार-पुंजी
underwriting c.	पुंजी-अभिगोपन
watered c.	तरलित पुंजी, अधिपुंजी

working c.	कर्मवाहक पुंजी, सक्रिय पुंजी
capitalisation	पुंजीकरण, पुंजीयन
over c.	अधिपुंजीयन
under c.	अवपुंजीयन
capitalised	पुंजीकृत
c. expenditure	पुंजीकृत व्यय
c. value	पुंजीकृत अर्हा
capitalism	१. पुंजीमत्ता, पुंजीपतित्व (state of having capital) २. पुंजीतंत्र (system in which capital and capitalist play an important part ३. पुंजी-संकेन्द्रण (concentration of capital) ४. पुंजी-शक्ति, पुंजी-प्रभाव (power or influence of capital)
capitalist	पुंजीपति
capitalistic	पुंजीतंत्रीय, पुंजी-प्रधान
c. production	पुंजीतंत्रीय उत्पादन, पुंजीप्रधान उत्पादन
c. system	पुंजीतंत्र
c. tendency	पुंजीतंत्रीय प्रवृत्ति

capitation tax	प्रतिव्यक्ति कर (tax per capita)
captain of industries	उद्योग-नायक
carat	प्रगुंज
carrying over	अग्रेनयन
cartel	मूल्य-संघ
cash	रोक
c. balance	हस्तस्थ रोक, रोकाधिक्य
c. credit	रोक उद्धार
c. deposit	रोक निक्षेप
c. in hand	हस्तस्थ रोक
c. rent	रोक भाटक
c. reserve	रोक संचिति
postal c. certificate	प्रैष रोकपत्र
cashier	रोकपाल, रौकिक
casting vote	निर्णायक मत
casual	आकस्मिक
census	संगणना।
c. of population	जन-गणना।
c. of production	उत्पाद-गणना।
central	केन्द्रीय
c. bank	केन्द्रीय अधिकोष
c. government	केन्द्रीय शासन
centralisation	केन्द्रीयकरण, केन्द्रीयण

centralised	केन्द्रीयकृत, केन्द्रीयित
c. management	केन्द्रीयित प्रबन्ध
c. subjects	केन्द्रीयित विषय
cereal	धान्य
certificate	प्रमाणपत्र
insurance c.	आगोप-प्रमाणपत्र
postal cash c.	प्रैष रोकपत्र
cess	उपकर
chain rule	श्रृंखला नियम
chairman	सभापति
chamber of commerce	वाणिज्य-वेश्म
chancellor of exchequer	अर्थ-महामात्र
chance profit	दैव लाभ
chapter	परिच्छेद
characteristic	लक्षण
charges	प्रभार, व्यय
depreciation c.	अवमूल्यन-प्रभार
development c.	विकास-प्रभार
fixed c.	निश्चित प्रभार
chattel	अस्थावर सम्पत्ति
cheap money policy	सुलभ मुद्रा नीति
check	अवरोध
positive c.	प्राकृत अवरोध

preventive c.	निवारक अवरोध, कृत्रिम अवरोध
chemical industry	रसायनिक उद्योग
cheque	धनादेश
antedated c.	पूर्वतिथीय धनादेश
bearer c.	वाहक धनादेश
blank c.	निरंक धनादेश
circular c	परिचक्र धनादेश
crossed c.	रेखित धनादेश
lost c.	लुप्त धनादेश
mutilated c.	विकृत धनादेश
not-negotiable c.	अपरिक्राम्य धनादेश
open c.	अरेखित धनादेश
order c.	आदिष्ट धनादेश
postdated c.	उत्तरतिथीय धनादेश
stale c.	कालतिरोहित धनादेश
child labour	बाल-श्रम
circulating capital	परिचल पुंजी
circulation	परिचलन
c. of currency	चलार्थ-परिचलन
c. of money	मुद्रा-परिचलन
c. of notes	पत्रमुद्रा-परिचलन
velocity of c.	परिचलन-प्रवेग
claim	अभ्यर्थन

outstanding c.	देय अभ्यर्थन, प्राप्य अभ्यर्थन
preferential c.	अधिमान्य अभ्यर्थन
classical economics	प्रतिष्ठित अर्थशास्त्र
classification	वर्गीकरण
clean advances	सामान्य अग्रिम
clean bill	सामान्य विपत्र
clean credit= open credit	विवृत प्रत्यय
clear a bill	विपत्र-शोधन
clearance	निष्कासन
clearing house	समाशोधन-गृह, ऋणमार्जन-गृह
clipping	आकर्तन (to cut off the edge of coin)
coastal trade	तटीय व्यापार
coin	टंक
artificial c.	कृत्रिम टंक
base c.	नीच टंक
counterfeit c. = forged c.	कूट टंक
current c.	प्रचलित टंक
debasement of c.	टंक-अधिकुप्यन
garbled c.	विचित टंक (to garble is विचयन-to pick out)

gold c.	स्वर्ण टंक
silver c.	रजत टंक
standard c.	प्रमाप टंक
subsidiary c.	सहाय टंक
token c.	प्रतीक टंक
coinage	टंकन
free c.	अबद्ध टंकन
gratuitous c.	निःशुल्क टंकन
limited c.	सीमित टंकन
collateral	साम्पार्श्विक
c. loans	साम्पार्श्विक उद्धार, साम्पार्श्विक ऋण
c. securities	साम्पार्श्विक प्रतिभूति
collecting bank	संग्राही अधिकोष
collective	१. सामूहिक (characteristic of a group) २. समूह्य (collecting together)
c. bargaining	समूह्य विपणन
c. farming	समूह्य कृषि-करण
collectivisation	समूहन
collectivism	समूहवाद
collectivist	समूहवादी

collectivistic	समूहवादीय
colliery	अंगार-खनि
colonial preference	औपनिवेशिक अधिमान
colonisation	उपनिवेशन
colonist	उपनिवेशी
colony	उपनिवेश
combination	संयोग
horizontal c.	क्षैतिज संयोग
industrial c.	औद्योगिक संयोग
vertical c.	उदग्र संयोग
comforts	सुख
articles of c.	सुख-वस्तुएँ
standard of c.	सुख-प्रमाप
commerce	वाणिज्य
chamber of c.	वाणिज्य-मंडल, वाणिज्य-वेश्म
commercial	वाणिज्यिक, वाणिज्य–
c. bank	वाणिज्य-अधिकोष
c. bill	वाणिज्य-विपत्र
c. credit	वाणिज्य-प्रत्यय
c. crisis	वाणिज्य-संकट
c. education	वाणिज्य-शिक्षा
c. federation	वाणिज्य-संधान
c. law	वाणिज्य-संनियम

c. revolution	वाणिज्यिक क्रान्ति
c. route	वाणिज्य-पथ
c. treaty	वाणिज्य-सन्धि
commercialisation, commercialise	वाणिज्यन
commission	वर्तन
c. agent	वर्तन अभिकर्ता
commissioned officer	आयुक्त अधिकारी
commissioner	आयुक्त
trade c.	व्यापार आयुक्त
committee	समिति
managing c.	प्रबन्ध-समिति
commodity	पदार्थ
c. for sale	पण्य पदार्थ
perishable c.	नाशी वस्तुएँ
common	साधारण, सार्व, सामान्य (general)
c denomimator	सर्वाभिधायक
c. seal	सार्वमुद्रा (मुद्रा=नाममुद्रा)
c. wealth	सार्वधन
communalism	साम्प्रदायिकता
communication	संचार
communism	साम्यवाद, साम्यतंत्र
communist	साम्यवादी, साम्यतंत्री

company	प्रमण्डल
